# मृत्यु टले ना महाकाल के बिना | By Sanjay Chauhan |

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

दानव मरे न मैया गौरा के बिना
काल डरे न महाकाल के बिना

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

वेदो पुराणो ने गाया है
ऋषि मुनियो ने बताया है
गौरा पूजे न गणपति के बिना
महाकाल पूजे न नंदी के बिना

दानव मरे न मैया गौरा के बिना
काल डरे न महाकाल के बिना

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

रामायण में तुलसी ने गाया है
गा गा के सबको सुनाया है
राम जी भजे ना कोई भोले के बिना
भोले भजे ना कोई राम के बिना

दानव मरे न मैया गौरा के बिना
काल डरे न महाकाल के बिना

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

दुनिया के ज्ञानी और ध्यानी सुनो
संतो महंतो की बाणी सुनो
भाग्य लिखे न कोई ब्रम्हा के बिना
बदले ना भाग्य महाकाल के बिना

दानव मरे न मैया गौरा के बिना
काल डरे न महाकाल के बिना

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

एक बात मैंने समझली है
सारी दुनिया को बता दि है
शक्ति मिले ना मैया गौरा के बिना
मुक्ति मिले न महाकाल के बिना

दानव मरे न मैया गौरा के बिना
काल डरे न महाकाल के बिना

विघ्न टले न गणपति के बिना
मृत्यु कटे न महाकाल के बिना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%83%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%81-%e0%a4%9f%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf-2/